# 12.41 करोड़ की सड़क में नाली धंसने का मामला : घटिया निर्माण हुआ तो आपराधिक कार्रवाई की मांग

**बाकानेर इंदौर समाचार। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 12 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से लुन्हेरा से निगरनी होते हुए मनावर तक बनाई जा रही करीब 19.90 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा उठाए गए सवाल अब केवल विभागीय जांच तक सीमित नहीं रहने चाहिए। सड़क किनारे बनाई गई नाली का करीब 300 मीटर हिस्सा बनने के बाद ही क्षतिग्रस्त होने और बारिश में करीब 60 मीटर से अधिक नाली धंसने के आरोपों ने निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**



ग्रामीणों का आरोप है कि नाली निर्माण में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। नाली के क्षतिग्रस्त होने से आसपास के खेतों की उपजाऊ मिट्टी बहने और किसानों को नुकसान होने की बात भी सामने आई है। ग्रामीणों ने सड़क के अधूरे पुल, सड़क की गुणवत्ता तथा नाली निर्माण की तकनीकी गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

मामले में यदि तकनीकी जांच में यह प्रमाणित होता है कि ठेकेदार द्वारा जानबूझकर स्वीकृत मापदंडों से कम गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, फर्जी माप पुस्तिका अथवा बिलों के आधार पर भुगतान लिया गया या अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि का अनुचित भुगतान किया गया, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ आपराधिक कार्रवाई की मांग भी उठ सकती है।

कानूनी जानकारों के अनुसार, तथ्यों और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस) की धारा 316 के तहत आपराधिक न्यासभंग, धारा 318 के तहत धोखाधड़ी तथा अधिकारियों और ठेकेदार के बीच आपराधिक मिलीभगत प्रमाणित होने पर धारा 61 के तहत आपराधिक षड्यंत्र जैसे प्रावधानों की जांच की जा सकती है। सरकारी कार्य में लोकसेवक द्वारा कानून/कर्तव्य का जानबूझकर उल्लंघन कर किसी व्यक्ति को क्षति पहुंचाने की स्थिति में ब्नहस की धारा 198 भी परिस्थितियों के अनुसार जांच के दायरे में आ सकती है।

वहीं, यदि निर्माण या लापरवाही के कारण आम लोगों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में पड़ती है तो ब्नहस धारा 125 के तहत भी कार्रवाई की संभावना की जांच की जा सकती है। इस धारा में लापरवाही से मानव जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने तथा चोट या गंभीर चोट होने की अलग-अलग स्थिति का प्रावधान है।

ग्रामीणों की ओर से मामले की शिकायत मनावर थाने में लिखित रूप से देकर स्नद्धक्र एवं आपराधिक जांच की मांग की जा सकती है। शिकायत की प्रति पुलिस अधीक्षक धार को भी दी जाना उचित रहेगा। शिकायत में ठेकेदार, संबंधित अधिकारियों, उपयंत्री, एसडीओ, कार्यपालन यंत्री तथा जिन अधिकारियों ने माप/भुगतान स्वीकृत किया है, उनकी भूमिका की जांच की मांग की जानी चाहिए।

यदि जांच में सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार, सरकारी राशि का दुरुपयोग अथवा किसी ठेकेदार को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाने के साक्ष्य मिलते हैं तो लोकायुक्त अथवा आर्थिक अपराध से संबंधित सक्षम एजेंसी के समक्ष भी शिकायत की जा सकती है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में लोकसेवकों से संबंधित भ्रष्टाचार के लिए धारा 7 तथा आपराधिक कदाचार से संबंधित धारा 13 के प्रावधान हैं।

ग्रामीणों की मांग है कि मामले की जांच उसी विभाग के अधिकारियों से कराने के बजाय स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से गुणवत्ता परीक्षण कराया जाए। नाली के क्षतिग्रस्त हिस्से के साथ सड़क की कोर कटिंग कर सामग्री की गुणवत्ता, सीमेंट-कंक्रीट की मजबूती, निर्धारित डिजाइन, नाली की गहराई-चौड़ाई, इस्तेमाल की गई सामग्री, माप पुस्तिका, बिल-वाउचर तथा अब तक किए गए भुगतान की जांच की जाए।

ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत, भ्रष्टाचार, सरकारी राशि के दुरुपयोग अथवा अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाने के साक्ष्य मिलते हैं, तो लोकायुक्त के माध्यम से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की संपत्तियों की भी जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि किसी अधिकारी या कर्मचारी का तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहना अपने-आप में अपराध का प्रमाण नहीं है, लेकिन यदि जांच में लंबे समय तक पदस्थापना का उपयोग ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर अनुचित आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए किए जाने के साक्ष्य मिलते हैं, तो इस पहलू की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में अनियमितता प्रमाणित होती है तो केवल नाली दोबारा बनवाकर मामला समाप्त करने के बजाय जिम्मेदार ठेकेदार एवं अधिकारियों से सरकारी राशि की वसूली, अनुबंधीय कार्रवाई तथा दोष सिद्ध होने पर आपराधिक कार्रवाई की जाए।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



टांडा (धार)- बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस के जनता की आवाज अभियान के तहत गुरुवार को टांडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवन ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता टांडा थाने पहुंचे, जहां उप पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी संजय रावत को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में शक्कर के बढ़ते दाम, पेट्रोल में ई20 इटीयूंटी मिश्रण, बढ़ती ईंधन लागत, बिजली के महंगे बिल और गैस सिलेंडर की कीमतों का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के बढ़ते खर्च से गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीति माहेश्वरी ने ज्ञापन का वाचन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अशोक मांझी, मंडलम अध्यक्ष करमसिंह मेंहड़ा, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंतिम प्रजापत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशवंत धार्वे, छीतु मच्छार खनिआंबा, रोशन डोडवे, गातला सरपंच अरुण निगवाल, बनसिंह पठान, ककड़कुआ सरपंच ठाकुरसिंह मीनावा, उमन सेंगर, कालू तड़वी, हीरू अलावा, आलम अनारे, केशरसिंह चुनपिया सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भव्य आध्यात्मिक दौरा



ओंकारेश्वर (अक्षत दूबे)संतों के सान्निध्य में एकात्म धाम में पंचायतन मंदिर का शिलान्यास, हवन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को तीर्थनगरी ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम पहुंचे। यहां उन्होंने संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों के सान्निध्य में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचायतन मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद हवन-पूजन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। एकात्म धाम परिसर में संतों और धर्माचार्यों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मुख्यमंत्री के आगमन से एकात्म धाम का वातावरण भक्तिमय नजर आया। कार्यक्रम में संत समाज, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री विजय शाह, संभाग आयुक्त भास्कर लक्ष्यकार, आईजी अनुराग, कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## नर्मदा लाइन की खुदाई के बाद सड़क पर गड्ढे, रक्षाबंधन के सीजन में बढ़ी परेशानी



मक्सी। नगर में नर्मदा लाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे छोड़ दिए गए हैं। जिस मार्ग पर यह स्थिति बनी हुई है, वहां दिनभर बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों का आवागमन रहता है। वहीं इन दिनों रक्षाबंधन का सीजन होने से बाजार में भीड़ और वाहनों की आवाजाही और बढ़ गई है। ऐसे में सड़क पर बने गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में खरीदारी के लिए आने-जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। व्यस्त मार्ग पर खुदाई के बाद सड़क को पूरी तरह व्यवस्थित नहीं किए जाने से वाहन चालकों को गड्ढों से बचकर निकलना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। रहवासियों और वाहन चालकों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन काम पूरा होने के बाद सड़क को व्यवस्थित करना भी संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी है। लंबे समय तक गड्ढे खुले छोड़ने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि गड्ढों को तत्काल भरवाकर सड़क को दुरुस्त कराया जाए, ताकि रक्षाबंधन के सीजन में लोगों को परेशानी न हो। विकास कार्यों के बाद सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर अब जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।


## कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए प्रभारियों की नियुक्ति




राणापुर गुरु महेश जैन प्रदेश में कांग्रेस संगठन की सुदृढ़ता ओर मजबूती के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के निर्देशन पर ब्लाक स्तर पर प्रभारियों का मनोनयन किया जा रहा हे। इसी कड़ी में राष्ट्रीय सचिव ऐव मध्य प्रदेश प्रभारी सुश्री उषा नायडू, झाबुआ के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया विधायक डॉ विक्रांत भूरिया की सहमती से जिलाध्यक्ष प्रकाश रांका प्रभारियों की नियुक्ति कर रहे हे। श्री रांका ने झाबुआ ब्लॉक के लिए जसवंत भाबर ऐव सुरेश समीर को प्रभारी नियुक्त किया हे। इस नियुक्ति पर ब्लाक अध्यक्ष कैलाश डामोर, शहर अध्यक्ष डॉ दिनेश गाहरी, योगी ठेकेदार, चंदन गहलोत, विजय शाह, गोरम पडियार, नितेश शाह, विष्णु पंचाल, विनोद पंचाल आदि ने शीर्ष नेतृत्व का आभार मानते हुए दोनों को बधाई दी हे।

## महज 11 साल की उम्र में रंगों से हुनर की नई कहानी लिख रही नेमी जैन

**राणापुर गुरु महेश जैन प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। इसका शानदार उदाहरण राणापुर की महज 11 वर्षीय नेमी जैन हैं, जो इतनी कम उम्र में अपनी चित्रकला के हुनर से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। नेमी जैन, पिता दिनेश जैन एवं माता ज्योति जैन की बेटी हैं।**







नेमी को चित्रकला के प्रति विशेष रुचि है। वह अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच को रंगों एवं रेखाओं के माध्यम से कागज और कैनवास पर खूबसूरती से उकेरती हैं। उनकी बनाई कलाकृतियों में रंगों का आकर्षक संयोजन, बारीकियों पर पकड़ और उनकी रचनात्मक प्रतिभा साफ नजर आती है।

महज 11 वर्ष की उम्र में चित्रकला के प्रति नेमी का जुनून और लगातार अभ्यास उनकी प्रतिभा को खास बनाता है। परिवार भी उनकी कला को पूरा प्रोत्साहन दे रहा है। पिता दिनेश जैन और माता ज्योति जैन अपनी बेटी की प्रतिभा पर गर्व करते हुए उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

नेमी का सपना है कि वह भविष्य में चित्रकला के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए और अपनी कला के माध्यम से परिवार के साथ-साथ राणापुर का नाम भी रोशन करे।

कम उम्र में कला के प्रति नेमी की लगन और प्रतिभा क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादायी है। यदि इसी तरह उन्हें प्रोत्साहन और मार्गदर्शन मिलता रहा तो आने वाले समय में नेमी चित्रकला के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं।

## खाद्य सुरक्षा एवं नापतौल विभाग की संयुक्त कार्रवाई, मिठाई दुकानों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग एवं नापतौल विभाग द्वारा ग्राम उमराली एवं सोंडवा नगर में संयुक्त रूप से मिठाई दुकानों, किराना दुकानों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, लेबलिंग एवं नापतौल संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की गई। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक कांटों एवं बांटों का भी परीक्षण किया गया। खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

इस दौरान बुरहानपुर जलेबी से गुलाब जामुन, गिरिराज नमकीन भंडार से पेड़ा, श्री नमकीन भंडार से सोनपापड़ी, कृष्णा किराना (उमराली) से मिक्सचर तथा रोशनी पान सेंटर (सोंडवा) एवं रिमझिम रेस्टोरेंट (सोंडवा) सहित अन्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए।

विभाग द्वारा प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं नापतौल संबंधी निर्धारित मानकों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन



राणापुर गुरु महेश जैन। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान ओर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश रांका के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में ब्लाक अध्यक्ष कैलाश डामोर, शहर अध्यक्ष डॉ दिनेश गाहरी ने प्रदेश की भाजपा सरकार ओर मुखिया मोहन यादव को आड़े हाथों लिया। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आई हे हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ती जा रही हे।किसानों के खेत यूरिया की बढ़ती कीमत, महिला जगत के चूल्हे खाद्यान्न समान के बढ़ते मूल्यों से सुने पड़े हे। वर्तमान में शक्कर तेल ओर घी की बढ़ती कीमतों से लाडली बहिना पेशोपेश में हे। यदि महंगाई पर अंकुश न लगाया गया तो कांग्रेस जिला ओर प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी, सरपंच, पंच, तड़वी ओर कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।प्रदर्शन का संचालन ओर आभार जिला मंत्री सुरेश समीर ने किया।

## श्री ओसवाल पंच की नवीन कार्यकारिणी का मनोनयन



राणापुर गुरु महेश जैन श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छिय त्रिस्तुतिक जैन ( ओसवाल ) पंच की नवीन कार्यकारिणी का मनोनयन पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंत सेन सूरीजी की दिव्य कृपा ऐव गच्छाधिपति श्रीमद नित्यसेन सूरीजी,श्रीमद जयरत्न सूरीजी के आशीर्वाद रूप सर्वानुमति से श्री नमस्कार महामंत्र आराधना के पांचवें दिन किया गया। सर्व प्रथम पूर्व समिति ने अपना आय व्यय बताते हुए नवीन कार्यकारिणी बनाने का प्रस्ताव रखा जिसे हर्ष ध्वनि के साथ स्वीकार किया गया। दिलीप सकलेचा ने अध्यक्ष पद के लिए कमलेश नाहर का प्रस्ताव रखा,सुरेश समीर ने समर्थन किया पश्चात उपस्थित सभी समाज जनों की सहमती से अध्यक्ष के रूप में कमलेश नाहर की ताजपोशी हुई। इसी प्रकार सचिव के लिए मनीष सकलेचा ऐव कोषाध्यक्ष पद पर बाबू सेठ का मनोनयन किया गया। नवीन कार्यकारिणी का कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा। नवीन अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समाज के वरिष्ठ ऐव स्व विवेक से दो उपाध्यक्ष, उप सचिव,ऐव उप कोषाध्यक्ष के साथ परामर्शदाता एवं मीडिया प्रभारी ऐव आवश्यक पद पर मनोनयन करेंगे। पूर्व अध्यक्ष दिलीप सकलेचा,सचिव प्रदीप भंसाली, कोषाध्यक्ष विक्की सकलेचा के कार्यकाल में हुए कार्य ओर कार्यक्रमों के प्रति सराहना करते हुए धन्यवाद दिया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष ने पद ग्रहण करते हुए कहा कि समाज में चली आ रही वैमनस्य की भावना को दूर करना मेरी प्राथमिकता रहेगी साथ ही ओसवाल पंच के उन्नयन,संगठन ओर संपत्तियों की सुरक्षा के लिए हम तो कटिबद्ध हे ही किंतु समाज के प्रत्येक बंधु का सहयोग आवश्यक होगा।समाज में किसी बात को लेकर कोई विरोधाभाष हो तो बाहर चर्चा न करे, समाज की बैठक में उसे सुलझाने का प्रयत्न करे। नवीन कार्यकारिणी को पंच सोहनलाल सेठ,मुकेश चौधरी, रमेश नाहर,शांतिलाल बी सकलेचा, अनिल सेठ शैलेश सेठ दिलीप सकलेचा, प्रदीप भंसाली, विक्की सकलेचा, सुरेश समीर, मुकेश नागोरी, प्रतिष्ठा समिति के अध्यक्ष तरुण सकलेचा,विपुल सेठ,मनोज सेठ, हेमेंद्र सेठ, विमल बाठिया, राजेंद्र तलेरा, राहुल नागोरी,राजेश जैन, अमित सियाल, रूपेश सकलेचा, अर्पित सियाल, पीयूष जैन, तरुण परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अवि सकलेचा आदि ने बधाई दी।

## राणापुर के श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में शुभ मुहूर्त में पद्मशिला स्थापित



राणापुर गुरु महेश जैन स्थानीय श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में मंदिर निर्माण के अंतर्गत आयोजित पद्म शिला स्थापना कार्यक्रम अत्यंत भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधि कारक अनिल हरण के सानिध्य में शुभ मुहूर्त में पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पद्मशिला की स्थापना की गई। पद्मशिला के मुख्य लाभार्थी श्री नरेंद्र कुमार रतनलाल जी नाहर, श्री रमेश चंद्र बसंतीलाल जी सालेचा एवं श्री मोतीलाल जी माणकलाल जी सालेचा परिवार ने अष्टप्रकारी पूजन कर शिला स्थापित की। इस दौरान लाभार्थी परिवारों द्वारा नवग्रह पूजन, पाटला पूजन एवं अष्टमंगल पूजन भी संपन्न की गई। स्नात्र पूजन का लाभ सज्जनलाल कटारिया परिवार ने लिया । समाज के श्री ललित जैन ने बताया कि जिनालय में विराजित होने वाली प्रतिमाओं का लाभ लेने एवं जयपुर जाकर चांदी के औजार से प्रथम बार भगवान की प्रतिमा पर टांकनी लगाने का लाभ लेने हेतु श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। मुख्य लाभार्थी परिवार इस प्रकार हैं-श्री श्रेयांसनाथ भगवान- श्री रमेश चंद्र बसंतीलाल जी सालेचा परिवार, श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान- श्री मगनलाल जी कटारिया परिवार, श्री आदिनाथ भगवान- श्री अभय कुमार सुजानमल जी कटारिया परिवार, श्री महावीर स्वामी भगवान- श्री मोतीलाल जी माणकलाल जी सालेचा परिवार, श्री गौतम स्वामी जी- श्री चंद्रसेन सुजानमल जी कटारिया परिवार,श्री जयंत सेन सूरीश्वर जी महाराज साहब - श्री सज्जनलाल जी बसंतीलाल जी कटारिया परिवार, श्री नाकोड़ा भैरव जी- श्री बसंतीलाल जी भंवरलाल जी सालेचा परिवार

**आरती व शांति कलश के चढ़ावे संपन्न**-पद्मशिला स्थापना के पश्चात आरती एवं चढ़ावे का आयोजन हुआ। इसमें भगवान की भगवान की आरती का लाभ श्री रमेश चंद्र सालेचा परिवार, मंगल दीपक आरती का लाभ श्रीमती अमिता नितेश जी जैन (दाहोद) तथा शांति कलश स्थापना का लाभ श्री सज्जनलाल जी बसंतीलाल जी कटारिया परिवार ने प्राप्त किया।